हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार 1 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 35 .5 डिग्री
न्यूनतम 18 .डिग्री

11 गर्मियों की छुट्टियों में यात्रियों को सुविधा आज से, 38 जोड़ी ट्रेनों में बढाये विभिन्न श्रेणी के 93 डिब्बे



12 एक सफल प्रबंधक बनने के लिए शोध पद्धतियों की गहन समझ आवश्यक



### जिले की मंड़ियों में सरकारी खरीद एजेंसी को नहीं मिल पाई सरसों, ओपन में ऊंचे भाव होने से किसानों को नहीं लुभा रही एमएसपी

# गेहूं की खरीद के लिए एजेंसियां तैयार आवक नहीं होने से करना पड़ेगा इंतजार

*सरकार की ओर से गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये क्विंटल निर्धारित किया गया है। रेवाड़ी अनाजमंडी में सप्ताह में चार दिन हैफेड व दो दिन खाद्य एवं आपूर्ति विभाग गेहूं की सरकारी खरीद करेगा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिले की अनाजमंडियों में एक अप्रैल से एमएसपी पर शुरू होने वाली सरकारी खरीद में अभी आठ-दस दिन का समय लग सकता है। क्योंकि अभी अनाजमंडी में गेहूं की आवक शुरू नहीं हो पाई है। किसान खेतों में गेहूं की कटाई करने में लगे हुए है। रोजाना बदलता मौसम भी किसानों के लिए परेशानी बना हुआ है। दो दिन से आ रही बरसात से कटाई का कार्य भी धीमा पड़ गया है। सरकार की ओर से गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये क्विंटल निर्धारित किया गया है। रेवाड़ी अनाजमंडी में सप्ताह में चार दिन हैफेड व दो दिन खाद्य एवं आपूर्ति विभाग गेहूं की सरकारी खरीद करेगा। जिले में एमएसपी पर गेहूं बेचने के लिए 24148 किसानों ने 45493 एकड़ जमीन का पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया है। 12 प्रतिशत से अधिक नमी के गेहूं की सरकारी खरीद नहीं की जाएगी। वहीं अनाजमंड़ियों में सरसों की एमएसपी पर सरकारी खरीद शुरू हुए चार दिन हो चुके है, लेकिन ओपन में सरसों के भाव ज्यादा होने के कारण किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं लुभा पाया है। किसान आढ़तियों को ओपन में 6000 से 6950 प्रति क्विंटल तक सरसों बेच रहे है, जबकि सरकार की ओर से सरसों की एमएसपी 6200 रुपये निर्धारित है। अनाजमंडी में अब तक 90591 क्विंटल सरसों प्राइवेट में बिक चुकी है। खरीद एजेंसी हैफेड को रेवाड़ी, बावल कोसली अनाजमंडी में अभी तक एक भी दाना सरसों नहीं मिल पाई, जबकि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरसों बेचने के लिए जिले से 56 हजार 188 किसानों ने 1 लाख 71 हजार 187 एकड़ रकबे की सरसों का मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया है।

### परेशानी से बचने के लिए सुखाकर लाएं फसल

मार्केट कमेटी सचिव मनीष कुमार ने कहा कि एमएसपी पर गेहूं की खरीद को लेकर तैयारी पूरी है। किसान अनाजमंडी में फसल बिक्री कर सकता है। किसान का बायोमेट्रिक मशीन पर अंगूठा लगेगा। मंडी में सुबह से ही गेट पास काटे जाएंगे और शाम 8 बजे तक खरीद की जाएगी। किसान परेशानी से बचने के लिए मंडी में अपनी फसल को साफ करके व सुखाकर लाएं।



रेवाड़ी। अनाज मंडी में मंगलवार सुबह फड़ पर रखी सरसों की फसल। फोटो : हरिभूमि

### गेहूं की सरकारी खरीद की तैयारी पूरी

जिले की अनाजमंड़ियों में गेहूं की सरकारी खरीद को लेकर तैयारियां कर ली गई है, लेकिन अभी मंड़ियों में गेंहू की आवक शुरू नहीं हुई है। गत वर्ष रेवाड़ी अनाजमंडी में एक लाख 3 हजार 836 क्विंटल गेहूं खरीदा गया था। सरकार की ओर से गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित है। जिले में गेहूं के लिए 24148 किसानों ने 45493 एकड़ जमीन का पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया है, जिसमें बावल में 1740 किसानों ने 2624 एकड़, डहीना में 4672 किसानों ने 7656 एकड़, धारूहेड़ा में 2706 किसानों ने 6735 एकड़, कोसली में 2658 किसानों ने 5512 एकड़, मनेठी में 1834 किसानों ने 2473 एकड़, नाहड़ में 1888 किसानों ने 2700 एकड़, पाल्हावास में 3441 किसानों ने 8932 व रेवाड़ी में 5209 किसानों 8858 एकड़ रकबे का रजिस्ट्रेशन कराया है। रेवाड़ी अनाजमंडी में गेहूं की सरकारी खरीद सप्ताह में चार दिन हैफेड और दो दिन खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से की जाएगी।



रेवाड़ी। एक खेत में गेहूं की कटाई में जुटे किसान। फोटो : हरिभूमि

### नए नियमों पर होगी सरकारी खरीद

सरकार की ओर से इस बार रबी की फसल के लिए नए नियम निर्धारित किए गए है। मंडियों में गेट पास फोटो सत्यापन के लिए वाहन की फ्रंट नंबर प्लेट अनिवार्य है। गेट पास के लिए किसान का बायोमैट्रिक सत्यापन भी होगा। किसानों को वाहन की फ्रंट नंबर प्लेट के फोटो और बॉयोमैट्रिक के बाद ही मंडी में एंट्री मिलेगी। हैफेड मैनेजर मनोज कुमार ने कहा कि किसान को एमएसपी पर फसल बेचने के लिए नियम पूरे करने होंगे। किसान अपनी फसम को सुखाकर व साफ-सुथरी करके मंडी में आए ताकि उन्हें परेशानी न उठानी पड़े।

### पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन, एमएसपी से दूरी

खरीद एजेंसी की ओर से सरकार के नियमानुसार 8 प्रतिशत नमी तक ही सरसों खरीद की जानी है। जिले में इस बार 56 हजार 188 किसानों ने 1 लाख 71 हजार 187 एकड़ रकबे में सरसों का पंजीकरण कराया है, जिसमें बावल खंड में 8701 किसानों ने 10171 एकड़, डहीना में 9835 किसानों ने 30633, धारूहेड़ा में 4147 किसानों ने 12094 एकड़, कोसली क्षेत्र में 5528 किसानों ने 16535 एकड़, मनेठी में 6120 किसानों ने 18212 एकड़, नाहड़ में 5635 किसानों ने 17662 एकड़, पाल्हावास से 4978 किसानों ने 14728 एकड़ व रेवाड़ी में 11244 किसानों ने 31148 एकड़ भूमि का रजिस्ट्रेशन करवाया हैं।

## खबर संक्षेप

### दहेज उत्पीड़न का आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के प्रयास किए थे। उनके आपसी सहमति नहीं बनने के बाद पुलिस ने 26 मार्च को आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने दिल्ली के शाहबाद मोहम्मदपुर निवासी मोहित को गिरफ्तार किया है। तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### बोलेरो गाड़ी की टक्कर से युवक घायल

**धारूहेड़ा।** सोमवार की रात धारूहेड़ा चुंगी के पास बोलेरो गाड़ी की चपेट में आकर एक युवक घायल हो गया। संघी का बास निवासी तरुण रात को किसी काम से चुंगी की ओर गया था। एक प्राइवेट अस्पताल के सामने तेज रफ्तार बोलरे गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसका एक पैर टूट गया। आसपास के लोगों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। चालक गाड़ी सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घायल के बयान पर केस दर्ज करने के बाद बोलेरो चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना खोल पुलिस ने सड़क हादसों को अंजाम देने के बाद फरार हुए दो वाहन चालको को गिरफ्तार किया है। गत 13 फरवरी को हुए हादसे में कार की चपेट में आकर एक व्यक्ति घायल हो गया था।। जैसलमेर हाइवे पर हुए हादसे के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद राजपुरा इस्तमुरार निवासी सुरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। गत 11 मार्च को हुए हादसे के बाद दर्ज मामले में पुलिस ने राजस्थान के विजय नगर मांढण निवासी अनिल को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### पुलिस के हत्थे चढ़ा दुष्कर्म का आरोपी

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने युवती को शादी का झांसा दुष्कर्म करने और उसका सामान छीनने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर बावल निवासी हेमकरण के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसका मोबाइल फोन भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया। आरोपी से पीड़िता का सामान बरामद करने के लिए पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश करने के बाद एक दिन के रिमांड पर लिया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

### बाइक फिसलने से दो युवक घायल

**धारूहेड़ा।** कापड़ीवास फ्लाईओवर के पास बाइक स्लिप होने से उस पर सवार दो युवक घायल हो गए। घटाल निवासी पंकज और हेमेंद्र बाइक लेकर किसी काम से जा रहे थे। बारिश के कारण उनकी बाइक फिसल गई, जिससे दोनों रोड पर गिरकर घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस की ईआरवी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों घायलों को एक प्राइवेट अस्पताल में दाखिल करा दिया। अस्पताल में उपचाराधीन दोनों घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

**धारूहेड़ा।** नंदरामपुर बास रोड पर ट्रक की टक्कर लगने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राइवेट अस्पताल ले जाने के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी।

### रेवाड़ी में बरामद मादक पदार्थ मदों का हुआ निष्पादन



रेवाड़ी। निष्पादन से पूर्व आईजी को मादक पदार्थो की जानकारी देते हुए।

*रेवाड़ी। जिला पुलिस की ओर से नशा मुक्त अभियान के तहत मंगलवार को आईजीपी नाजनीन भसीन, एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा और डीएसपी कोसली विद्यानंद की मौजूदगी में रेवाड़ी के 39 मदों से संबंधित मादक पदार्थ मदों का सेक्टर-37 गुरुग्राम में स्थित बायोटेक वेस्ट लिमिटेड कंपनी के बॉयलर में निष्पादन किया गया। निष्पादन की गई 39 मदों में 8.790 किलोग्राम गांजा तथा जीआरपी थाने की ओर बरामद किया हुआ 9.070 किलोग्राम डोडा पोस्त सहित कुल 17.860 किलोग्राम नशीला मादक पदार्थ शामिल था। आईजीपी साउथ रेंज ने जिला पुलिस की ओर से मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध की गई करवाई की प्रशंसा की। आईजी ने इलैक्ट्रानिक कांटे से मदों का वजन कराया और सही होने उपरांत निष्पादन कार्य कराया। इस मौके पर रीडर आईजीपी साउथ रेंज एएसआई रवि दत्त, मालखाना मोहर्रर एसआई काशीराम, लाईन ऑफिसर एसआई विजय कुमार व एसआई सुनील कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।*

## करोड़ों रुपये की साइबर ठगी का आरोपी दो दिन के रिमांड पर

*आरोपी के बैंक खाते में ठगी रकम के करीब 4.51 लाख रुपये ट्रांसफर हुए थे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने स्टॉक मार्केट में निवेश के बदले मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर लगभग 9.46 करोड़ रुपये की ठगी करने के मामले में एक आरोपी को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया। उसे पूछताछ के लिए दो के रिमांड पर लिया गया है। आरोपी के बैंक खाते में ठगी रकम के करीब 4.51 लाख रुपये ट्रांसफर हुए थे।

गत वर्ष 22 सितंबर को गांव पीथनवास निवासी जयकृष्ण आभीर ने पुलिस शिकायत में बताया था कि वह 24 अगस्त 2025 को सोशल मीडिया पर व्हाट्स एप ग्रुप से जुड़ा था। उसके बाद उसका व्हाट्स पर आरोपियों से संवाद होना शुरू हो गया। आरोपियों ने उससे स्टॉक मार्केट मे इन्वेसमैन्ट करने की बात कह कर एक मोबाइल एप्लीकेशन उसके मोबाइल मे इन्सटोल करवा दी। इसके बाद आरोपियों ने उससे विभिन्न ट्रांजेक्शन के जरिए अलग-अलग बैंक खातों में कुल 9 करोड 46 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए। जब उसने यह राशि वापस निकालने का प्रयास किया तो उससे और पैसा जमा कराने को कहा गया। इसके बाद उसे ठगी का पता चला। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। अब इस मामले में पंजाब के लुधियाना के अगवार डाला जगराव निवासी सुखविन्द्र सिंह को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है।




रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में ठगी का आरोपी।

## रास्ता रोककर युवक के साथ जमकर मारपीट

- दो नामजद सहित 11 के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

मयूर विहार में रास्ता रोककर एक युवक के साथ जमकर मारपीट करने के आरोप में रामपुरा थाना पुलिस ने दो नामजद सहित 11 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। मारपीट में घायल युवक का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस बयान में मयूर विहार निवासी हिमांशु यादव ने बताया कि वह अपने दोस्त जगदीश के घर गया हुआ था।पैदल अपने घर लौट रहा था। पड़ोस में रहने वाले विक्की और निशु अपने 9 अन्य साथियों के साथ पांच बाइकों पर उसके पास आए। इन लोगों ने रास्ता रोककर उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। बेहोश होने तक आरोपी उसे पीटते रहे। इसके बाद सभी वहां से फरार हो गए। आसपास के लोगों की सूचना पर उसके परिजनों ने उठाकर उसे अस्पताल पहुंचाया। हिमांशु ने बताया कि आरोपियों के साथ उसका पहले कभी विवाद नहीं हुआ। इन लोगों ने किन कारणों से उस पर हमला किया, इस बारे में भी पता नहीं चला। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उनकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

## मुख्यमंत्री सौंदर्यीकरण पुरस्कार योजना में खंड स्तर पर प्रथम रहा झाड़ौदा स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय झाड़ौदा ने मुख्यमंत्री सौंदर्यकरण पुरस्कार योजना वर्ष 2025-26 में खंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्राचार्य महेश कुमार ने विद्यालय की इस उपलब्धि का श्रेय विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान विजय कुमार और विद्यालय के सभी अध्यापकों के सामूहिक प्रयास को दिया है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए प्रबंधन समिति व समस्त स्टाफ को शुभकामनाएं दी तथा विद्यालय के इसी प्रकार तरह प्रगति के मार्ग पर अग्रसर रहने की कामना की। इस अवसर समस्त विद्यालय परिवार, सरपंच इंद्रजीत सहित गांव के गणमान्य लोग मौजूद थे।



रेवाड़ी। झाड़ौदा राजकीय स्कूल में मौजूद शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## ग्राम पंचायतों ने स्वास्थ्य मंत्री का जताया आभार

- मरीजों को छोटे-छोटे उपचार के लिए दूर-दराज के अस्पतालों में नहीं जाना पड़ेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

महेंद्रगढ़ जिले की खातोदड़ा और पाली ग्राम पंचायतों में पीएचसी स्वीकृत होने पर ग्राम पंचायतों के सरपंचों, पंचों व अन्य जनप्रतिनिधियों ने रेवाड़ी स्थित रामपुरा हाउस में स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव से शिष्टाचार भेंट कर आभार व्यक्त किया। गांव खतोदड़ा के सरपंच कृष्ण और पाली के सरपंच देशराज सरपंच सहित प्रतिनिधियों ने कहा कि अब मरीजों को छोटे-छोटे उपचार के लिए दूर-दराज के अस्पतालों में नहीं जाना पड़ेगा, बल्कि गांव के नजदीक ही प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। इससे विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को बड़ी राहत मिलेगी। लंबे समय से ग्रामीणों की मांग पर अब पीएचसी की स्वीकृति मिल गई है, जिससे आसपास के गांवों के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि जनता का विश्वास और सहयोग ही सरकार की सबसे बड़ी ताकत है। प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है और आने वाले समय में और भी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि स्वीकृत पीएचसी को जल्द से जल्द धरातल पर उतारने के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए जाएंगे, ताकि आमजन को शीघ्र लाभ मिल सकें।



रेवाड़ी। रामपुरा हाउस में स्वास्थ्य मंत्री का आभार जताते हुए। फोटो : हरिभूमि

### अहीरवाल से जुड़े अलवर जिले में रही मजबूत पकड़, स्कूल के शुभारंभ कार्यक्रम में शिरकत के सियासी मायने


# दादा के गढ़ में आरती की दस्तक, टपूकड़ा पहुंची कैबिनेट मंत्री

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी

अहीरवाल क्षेत्र के साथ सटे राजस्थान के अलवर जिले से पूर्व सीएम राव बिरेंद्र सिंह का अच्छा लगाव रहा है। राव बिरेंद्र सिंह के बाद केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने पिता के मजबूत जनाधार को सफलतापूर्वक संजोए रखा। दादा और पिता के इस सियासी गढ़ में मंत्री बनने के बाद पहली बार आरती राव ने टपूकड़ा में स्कूल के शुभारंभ कार्यक्रम में शिरकत के साथ ही यह भी संकेत दे दिए कि आने वाले समय में वह रामपुरा हाउस के पुराने समर्थकों को किसी भी सूरत में 'भाग्य भरोसे' नहीं छोड़ेंगी।



राव बिरेंद्र सिंह



राव इंद्रजीत सिंह



आरती राव

संयुक्त पंजाब के समय प्रताप सिंह कैरो सरकार में मंत्री रहते हुए राव बिरेंद्र सिंह ने अलग राज्य बनने के समय राजस्थान के अलवर जिले की अहीर बेल्ट को हरियाणा में शामिल करने के लिए पैरवी की थी। हालांकि वह इस मुहिम में कामयाब नहीं हो पाए थे, परंतु अलवर की राजनीति को प्रभावित करने में उनकी लगातार अच्छी भूमिका रही थी। वर्ष 1996 में सक्रिय राजनीति से अलग होने से पहले राव बिरेंद्र सिंह अपने बड़े बेटे राव इंद्रजीत सिंह को राजनीतिक उत्तराधीकारी के रूप में पूरी तरह स्थापित कर चुके थे। उम्र के लिहाज से राव इंद्रजीत सिंह सक्रिय राजनीति से रिटायरमेंट के करीब पहुंचते जा रहे हैं। चुस्त-दुरुस्त स्वास्थ्य उन्हें अगले चुनावों में एक पारी और खेलने के संकेत दे रहा है। अगर राजनीतिक कारणों से वह ऐसा नहीं कर पाते हैं, तो भी उनके उत्तराधिकारी के रूप में बेटी आरती राव दादा और पिता की राजनीतिक विरासत को संभालने के लिए पूरी तरह तैयार हो चुकी हैं। जिस महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र पर दशकों तक राव बिरेंद्र सिंह और राव इंद्रजीत सिंह का वर्चस्व रहा, उसी पुराने लोकसभा क्षेत्र के कोसली हलके से वह इस समय विधायक हैं।

### समूचे अहीरवाल में बढ़ा रहीं सक्रियता

कड़ी चुनौती के बीच विरोधियों को मात देकर विधानसभा में प्रवेश करने वाली आरती राव का फोकस मंत्री बनने के बाद सिर्फ एक हलके पर नहीं है। वह समूचे अहीरवाल क्षेत्र में सक्रियता बढ़ा रही हैं, ताकि पिता के समर्थकों को उनकी राजनीति से विदाई के बाद मजबूत विकल्प दे सकें। उन्हें अंदरखाने मात देने के लिए विरोधी जितनी सक्रियता दिखा रहे हैं, आरती उन्हें मात देने में एक कुशल नेत्री की तरह मजबूती रणनीति से आगे बढ़ रही हैं। पूर्व में वह पिता के विरोधियों को भी उन्हीं की भाषा में जवाब भी दे चुकी हैं।

### अलवर में पिता के विरोधियों की कमी नहीं

अलवर व तिजारा में राव इंद्रजीत सिंह के राजनीतिक विरोधियों की कोई कमी नहीं है। राव की भाजपा में आने के बाद न तो केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ पटरी बैठ पाई और न ही तिजारा के विधायक के साथ। यदुवंशी स्कूल के शुभारंभ अवसर पर आरती ने बाबा बालकनाथ के साथ मंच सांझा किया, तो आरती राव के साथ कई समर्थक विधायकों की मौजूदगी के बड़े मायने देखे जा रहे हैं। आरती ने इस कार्यक्रम में किसी तरह की टीका टिप्पणी नहीं की, लेकिन भविष्य में पिता और दादा के गढ़ में सक्रियता बढ़ाने के संकेत जरूर दे दिए।

### जखाला में घर से सैर के लिए गया युवक लापता

- पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया

**कोसली।** जखाला गांव में घर से सैर पर जाने की कह कर गया युवक लापता हो गया। युवक रविकांत की मां सरस्वती ने कोसली थाने में दी शिकायत में बताया कि मंगलवार सुबह उनका लड़का रविकांत घूमने जाने की कहकर घर से गया था, लेकिन वापस घर नहीं आया। उन्होंने उसे फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन काफी समय तक उसका फोन रिसिव नहीं हुआ। बाद में उसके फोन से घर वाले फोन पर धमकी भरे संदेश आ रहे हैं, जिसको को लेकर उन्हें काफी चिंता हो रही है। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है।



# अजय ने नए प्रोजेक्ट का किया ऐलान सत्य घटना पर होगा आधारित

**मुंबई।** अजय देवगन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दृश्यम 3' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इसी बीच मंगलवार अजय ने अपने नए प्रोजेक्ट का ऐलान सोशल मीडिया पर किया है। अजय का यह आगामी प्रोजेक्ट सत्य घटना पर आधारित होगा। इस प्रोजेक्ट का निर्माण अजय देवगन और दानिश देवगन मिलकर करेंगे। इसका निर्देशन अंशुल कुमार शर्मा करेंगे। हालांकि, यह जानकारी नहीं दी है कि यह एक फिल्म है या सीरीज। अजय ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने अगले प्रोजेक्ट की जानकारी देते हुए लिखा, 'हर किसी की एक सीमा होती है, उसकी तो पूरी दुनिया में फैल गई।' अजय ने यह भी बताया कि उनका अगला प्रोजेक्ट सच्ची घटनाओं से प्रेरित होगा। यह 2 अप्रैल को रिलीज हो रही है।

लाइफ Style



# कुब्रा
## खुशी है मुझे मारा नहीं गया

एजेंसी ⏭ मुंबई

अभिनेत्री कुब्रा सैत फिल्मों से लेकर वेब सीरीज तक और बड़े पर्दे से लेकर ओटीटी तक लगातार काम कर रही हैं। वो कई बड़ी फिल्मों और सीरीज का हिस्सा रही हैं। अब अभिनेत्री शाहिद कपूर की फर्जी 2 को लेकर चर्चाओं में हैं। शो में कुब्रा फिर नजर आएंगी।

इस बीच अभिनेत्री ने शो को लेकर बात की और बताया कि कैसे उन्होंने फर्जी 2 को हां कहा था? एक बातचीत के दौरान कुब्रा ने बताया कि उन्होंने 'फर्जी 2' के लिए तुरंत हामी भर दी थी। एक्ट्रेस ने कहा कि मैं बस इतना कह सकती हूं कि मैंने सीजन एक और सीजन दो के लिए साइन कर लिया था। इसलिए, आपको इसे देखना ही होगा, मैं कसम खाती हूं। मेकर्स ने मुझे बताया कि वे सीजन दो के लिए एक किरदार लिख रहे हैं। मैंने कहा, 'ठीक है।' उन्होंने कहा, 'आपको पहले सीजन एक करना होगा।' मैंने कहा, 'ठीक है।' बस बात खत्म और कुछ सोचने की जरूरत नहीं थी। प्रोजेक्ट पर गर्व जताते हुए कुब्रा ने कहा कि शो जिस तरह से बना है, उस पर मुझे बहुत गर्व है और मैं दूसरे सीजन के लिए बेहद उत्साहित हूं। मुझे बस इस बात की खुशी है कि मुझे मारा नहीं गया। मैंने लोगों को मारा, लेकिन मैं बच गई। मैं सीक्वल फिल्मों और उनसे जुड़ी उम्मीदों को लेकर कोई दबाव नहीं लेती। ये राज और डीके का काम है, सुमन कुमार का काम है और किशोर का काम है। उन्हें करने दीजिए। मैं इन बातों की चिंता नहीं करती। समय के साथ अपने नजरिए में आए बदलाव पर एक्ट्रेस ने कहा कि शायद जब मैं छोटी और अनुभवहीन थी, तब मैंने दबाव महसूस किया होगा, जब मुझे लगता था कि पूरी दुनिया मेरे इर्द-गिर्द घूमती है।

## हॉलीवुड मसाला



# जुमानजी की तीसरे पार्ट की शूटिंग खत्म

**लॉस एंजिल्स।** ड्वेन जॉनसन जिन्हें फैंस प्यार से 'द रॉक' भी बुलाते हैं। ड्वेन जॉनसन ने 'जुमानजी' की तीसरी फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। जिसकी जानकारी उन्होंने खुद सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। इसके साथ ही ड्वेन ने 'जुमानजी 3' के सेट की कई बीटीएस तस्वीरें भी शेयर की हैं। इसके साथ ही उन्होंने जानकारी देते हुए लिखा, 'मेरे पूरे कॅरियर में यह सबसे मजेदार और क्रिएटिव अनुभवों में से एक था। 'मैं बहुत खुशकिस्मत वाला हूं कि पिछले 10 साल से ज्यादा समय तक इस बेहतरीन कास्ट के साथ काम करने का मौका मिला।



# तीन बार टोनी पुरस्कार के लिए मिला नॉमिनेशन

**लॉस एंजिल्स।** इंटीरियर्स, द वर्ल्ड अकॉर्डिंग टू गार्प, द एज ऑफ इनोसेंस और सिक्स डिग्रीज ऑफ सेपरेशन जैसी फिल्मों में अभिनय कर चुकीं हॉलीवुड अभिनेत्री मैरी बेथ हर्ट का 79 साल की उम्र में निधन हो गया। मैरी बेथ हर्ट ने अपने लंबे कॅरियर में कई तरह की फिल्मों और सीरियल्स में काम किया। क्राइम्स ऑफ द हार्ट, ट्रेलावनी ऑफ द वेल्स और बेनेफैक्टर्स में उनके अभिनय के लिए उन्हें तीन बार टोनी पुरस्कार के लिए नॉमिनेशन मिला। उन्होंने द वर्ल्ड अकॉर्डिंग टू गार्प, यंग एडल्ट, द एक्सोरसिज्म ऑफ एमिली रोज, द लेडी इन द वाट' जैसी फिल्मों में भी काम किया। अपने पति पॉल श्रैडर के साथ उन्होंने एफ्लिक्शन और लाइट स्लीपर जैसी फिल्मों में भी साथ काम किया। टेलीविजन में उन्होंने 'लॉ एंड ऑर्डर' जैसी सीरीज में छोटी भूमिकाएं कीं।



# मिस वर्ल्ड 2026 का करेंगी प्रतिनिधित्व

**मुंबई।** दुनिया के सबसे मशहूर ब्यूटी पेजेंट्स में से एक का काउंटडाउन अब शुरू हो चुका है। मिस वर्ल्ड 2026 का 75वां संस्करण पहले से कहीं ज्यादा शानदार होने वाला है। आयोजकों ने इस बात की जानकारी दी है कि पेजेंट का आयोजन कब और कहां होगा। मिस वर्ल्ड 2026 का ऐतिहासिक संस्करण वियतनाम में आयोजित किया जाएगा। इसकी शुरुआत 9 अगस्त को होगी और 5 सितंबर को एक समापन समारोह के साथ इसका अंत होगा। यह घोषणा मिस वर्ल्ड वियतनाम के समापन समारोह के दौरान जूलिया मोर्ले ने स्थानीय आयोजकों के साथ मिलकर की। इस साल भारत का प्रतिनिधित्व उज्जैन की फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2024 निकिता पोरवाल करेंगी। उन्होंने इसके लिए पहले ही अपना उत्साह जाहिर कर दिया है।



# मैं एक्टर नहीं हूं का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपनी आगामी फिल्म 'मैं एक्टर नहीं हूं' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म का टीजर रिलीज हो चुका है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ इस फिल्म में चित्रांगदा सतरूपा भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म 8 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। टीजर देखते हुए यह फिल्म किसी फिल्म से ज्यादा डॉक्यूमेंट्री जैसी लग रही है। प्रोड्यूसर आदित्य कृपलानी ने अपने यूट्यूब चैनल पर फिल्म का टीजर रिलीज किया है। साथ ही इंस्टाग्राम पर भी पोस्ट साझा किया है। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'क्या कभी एक्टर बनने का सपना देखा है? 'मैं एक्टर नहीं हूं' फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी और चित्रांगदा सतरूपा लीड रोल में है। यह फिल्म एक ऐसे बैंकर की कहानी है, जो दो देशों-भारत और जर्मनी में रहते हुए एक एक्टर से एक्टिंग सीखता है।

## टीवी मसाला



# नया कप्तान आया है! साकिब की वेब सीरीज का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** साकिब सलीम और सिद्धार्थ निगम की आगामी सीरीज 'कप्तान' का ट्रेलर सोमवार को रिलीज हो गया है। इस क्राइम सस्पेंस सीरीज का ट्रेलर काफी दिलचस्प है, जिसने इसके प्रति दिलचस्पी बढ़ा दी है। साकिब सलीम की इस सीरीज में पावर, पॉलिटिक्स और पुलिस महकमे की अंदरूनी चीजों को दिखाने की कोशिश की गई है। सीरीज में पुलिस और अपराधियों के बीच टकराव और गैंगवार को दिखाया गया है। सीरीज में साकिब सलीम खाकी वर्दी में दिखे हैं। वे एसएसपी समरदीप के किरदार में नजर आएंगे। सीरीज में लोकप्रिय सीरियल 'एफआईआर' में इंस्पेक्टर चंद्रमुखी चौटाला का रोल निभाकर तारीफ बटोरने वाली एक्ट्रेस कविता कौशिक भी अहम रोल में नजर आई हैं। इस सीरीज में भी कविता ने खाकी वर्दी पहनी है। बता दें कि 'कप्तान' सीरीज 3 अप्रैल को ओटीटी प्लेटफॉर्म एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम होगी। सीरीज की कहानी ज्वालाबाद तहसील पर बेस्ड है। इस वेब सीरीज में सिद्धार्थ निगम, वरुण बडोला, अंजुम शर्मा, आरिफ जकारिया और पूजा गौर जैसे सितारे भी नजर आए हैं। सीरीज के ट्रेलर में दमदार डायलॉग सुनने को मिले हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इसकी कहानी भी कमाल होने वाली है। क्राइम सीरीज पसंद करने वालों को यह अच्छी लगेगी।

## सुनील को मंच पर किया गया बेइज्जत



**नई दिल्ली।** अपनी बेबाकी और बयानों को लेकर अक्सर चर्चाओं में रहने वाले कॉमेडियन सुनील पाल एक बार फिर चर्चा में हैं। लेकिन, इस बार वो अपने किसी बयान की वजह से नहीं, बल्कि अपने एक वीडियो के चलते सुर्खियों में हैं। इस वीडियो में सुनील पाल को एक कार्यक्रम के मंच पर बोलने का मौका नहीं दिया जाता है। वो बार-बार माइक पर बोलना चाहते हैं, लेकिन उन्हें माइक से दूर कर दिया जाता है। वीडियो सामने आने के बाद अब लोग कॉमेडियन के इस अपमान पर नाराजगी जता रहे हैं। वीडियो एक मुशायरा-कवि सम्मेलन का मालूम पड़ता है। वीडियो में दिखता है कि सुनील पाल को पहले मंच पर बुलाया जाता है और फिर उन्हें फूलों का एक गुलदस्ता देकर सम्मानित किया जाता है। इसके बाद सुनील पाल माइक पर कुछ बोलना चाहते हैं, लेकिन उन्हें स्टेज से वापस जाने के लिए कहा जाता है। वीडियो में सुनील पाल बार-बार ये कहते सुनाई देते हैं कि 'शुक्रिया तो कहने दो।'लेकिन स्टेज पर उनके साथ मौजूद संचालक ऐसा नहीं होने देते, वो उन्हें बोलने से रोकते हुए स्टेज से जाने के लिए और बैठने के लिए कहते हैं।

# 'झूठा कहीं का' की रिलीज के पूरे हुए 47 साल, नीतू ने ऋषि को किया याद...

**मुंबई।** नीतू कपूर और ऋषि कपूर की फिल्म 'झूठा कहीं का' की रिलीज को पूरे 47 साल हो चुके हैं। इस फिल्म में नीतू और ऋषि ने एक साथ अभिनय किया था। पति ऋषि के साथ अपनी इस फिल्म को याद करते हुए नीतू ने एक इमोशनल पोस्ट सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। नीतू ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म 'झूठा कहीं का'की एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में नीतू कपूर और ऋषि कपूर के साथ दिख रही हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'झूठा कहीं का के 47 साल।' यह फिल्म 30 मार्च 1979 को रिलीज हुई थी।



### 1979 में हुई थी रिलीज

'झूठा कहीं का' 1979 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन रवींद्र पीपत ने किया था और निर्माण रवि मल्होत्रा ने किया। इस फिल्म का संगीत आर.डी. बर्मन ने तैयार किया था। गीत गुलशन बावरा ने लिखे थे। साउंडट्रैक में 'झूठा कहीं का' और 'दिल में जो मेरे समा गई' जैसे गाने शामिल हैं। इस फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में ऋषि कपूर, नीतू कपूर, राकेश रोशन और प्रेम चोपड़ा हैं।

### फिल्म की कहानी

'झूठा कहीं का'एक हल्की-फुल्की कॉमेडी फिल्म है। इसकी कहानी अजय (ऋषि कपूर) नाम के एक लड़के के इर्द-गिर्द घूमती है। अजय रेखा (नीतू) को प्रभावित करने के लिए खुद को अमीर बताने का झूठ बोलता है। फिल्म में झूठ छिपाने की कोशिशों के दौरान बहुत सारी गलतफहमियां और मजेदार स्थितियां बनती हैं। राकेश रोशन विजय की भूमिका में हैं, जो कहानी को और भी रोचक बनाते हैं। प्रेम चोपड़ा खलनायक की भूमिका में हैं।

# रणबीर ने समझाया मर्यादा पुरुषोत्तम का अर्थ

**नई दिल्ली।** साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक 'रामायण'की हर एक अपडेट का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यही कारण है कि जबसे मेकर्स ने फिल्म से 2 अप्रैल को राम का लुक रिवील करने की घोषणा की है, तबसे फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब इससे पहले रणबीर कपूर निर्देशक नितेश तिवारी और निर्माता नमित मल्होत्रा के साथ लॉस एंजिल्स पहुंचे। यहां एक चुनिंदा आईमैक्स स्क्रीनिंग में 'रामायण'की फिल्म की एक झलक दिखाई गई। इस दौरान तीनों ने बात भी की और सवालों के जवाब भी दिए। रणबीर कपूर ने फिल्म में अपने किरदार और मर्यादा पुरुषोत्तम का अर्थ भी समझाया। रणबीर ने भगवान राम को केवल एक पौराणिक कैरेक्टर या चेतना के रक्षक के रूप में ही नहीं, बल्कि विदेशी दर्शकों को मर्यादा पुरुषोत्तम शब्द से भी परिचित कराया, जिसका अर्थ है आदर्श पुरुष। रणबीर ने कहा, 'राम सदियों से और उसके बाद भी दुनिया भर के अरबों लोगों के मार्गदर्शक रहे हैं। वो हमें विपत्तियों के संदर्भ में मानवीय भावना का ज्ञान कराते हैं। वो करुणा, साहस, धर्म और क्षमा के प्रतीक हैं। उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है, जिसका अर्थ है आदर्श पुरुष।'लॉस एंजिल्स में हुए इस इवेंट की कई तस्वीरें और वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हैं। इनमें कुछ में जहां इवेंट के दौरान रणबीर, नितेश तिवारी और नमित मल्होत्रा बात करते नजर आ रहे हैं तो वहीं कई फोटोज में फैंस ने फिल्म के पोस्टर के साथ तस्वीर क्लिक कराते हुए फिल्म में दिखाई गई झलक की भी प्रशंसा की है।





### सेंसर से मिली मंजूरी

2 अप्रैल को दिखाए जाने वाली फिल्म की झलक को सेंसर बोर्ड से भी मंजूरी मिल गई है। मेकर्स का कहना है कि फिल्म से राम की झलक 2 अप्रैल को सामने आएगी। अब सीबीएफसी से मंजूरी मिलने वाले एक सर्टिफिकेट की तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। इसमें दिख रहा है कि 'राम' शीर्षक वाली पहली झलक को 2 मिनट 38 सेकंड की अवधि के साथ प्रमाणित किया गया है। इसे यू कैटेगरी के साथ पास किया गया है।

### दो पार्ट में रिलीज होगी रामायण

नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित 'रामायण' भारतीय सिनेमा की सबसे महंगी फिल्मों में से एक बताई जा रही है। इसे काफी भव्य स्तर पर बनाया जा रहा है। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम के किरदार में दिखाई देंगे। जबकि सीता के रूप में साई पल्लवी, रावण के रूप में यश, हनुमान के रूप में सनी देओल और लक्ष्मण के रूप में रवि दुबे जैसे कलाकार नजर आएंगे। 'रामायण' दो पार्ट में रिलीज की जाएगी।

## कान की दुर्लभ बीमारी की वजह से नहीं लिया नया प्रोजेक्ट

# अलका को सुनने में दिक्कत, 2 साल से नहीं गा पा रहीं गाना

### आखिरी गाना

उनकी आवाज आखिरी बार इम्तियाज अली की फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' में सुनी गई थी, जो 2024 में रिलीज हुई थी, जिसमें उन्होंने ए.आर. रहमान के गाने 'नरम कालजा' में गाया था। इस साल की शुरुआत में, अलका को भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। बातचीत के दौरान उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें पहले से इस सम्मान की उम्मीद थी। इस पर उन्होंने कहा, 'सच कहूं तो नहीं। जब भी यह मिले, मैं इसका स्वागत करती हूं।'

### कान की दुर्लभ बीमारी

अलका याग्निक को एक दुर्लभ कान की बीमारी है, जिसे सेंसरीन्यूरल हियरिंग लॉस कहते हैं। इस कारण उन्हें सुनाई देना बंद हो गया है। यह समस्या एक वायरल अटैक के कारण होती है, जिससे कान की नसें प्रभावित होती हैं। सिंगर ने सोशल मीडिया पर इस बारे में पहले ही जानकारी दी थी। साथ ही लोगों को तेज आवाज वाले म्यूजिक और हेडफोन के ज्यादा इस्तेमाल से बचने की सलाह दी।

*__नई दिल्ली।__ बॉलीवुड की दिग्गज सिंगर अलका याग्निक ने अपनी हेल्थ को लेकर नया अपडेट शेयर किया है। उन्होंने दो साल पहले बताया था कि वो सुन नहीं पा रही हैं और उन्हें कान की बीमारी हो गई है। अब खुद अपडेट देकर बताया है कि कैसी हैं। साल 2024 में, दिग्गज सिंगर अलका याग्निक ने अपने फैंस को चौंकाते हुए खुलासा किया कि वह एक दुर्लभ कान की बीमारी से जूझ रही हैं, जिसके चलते उन्होंने कुछ समय के लिए सबसे दूरी बना ली थी। अब, अपने स्वास्थ्य के बारे में अलका ने एक नया अपडेट शेयर किया है और सिंगर ने ये भी बताया कि वह अभी भी इस समस्या से पीड़ित हैं। एक इंटरव्यू में सिंगर अलका याग्निक ने अपनी कान से जुड़ी बीमारी के बारे में अपनी लड़ाई के बारे में बताया। रिपोर्ट में बताया गया कि सिंगर इस बारे में बात करने से हिचकिचा रही थीं, और उन्होंने कहा कि वह अभी भी इस बीमारी से जूझ रही हैं। इसी बीमारी के कारण उन्होंने कोई नया प्रोजेक्ट नहीं लिया है।*



### अलका के हिट गाने

अलका ने भारतीय सिनेमा के कुछ बेहद हिट गानों में अपनी आवाज दी है, जैसे मोहरा का टिप टिप बरसा पानी, कयामत से कयामत तक का ऐ मेरे हमसफर, हम दिल दे चुके सनम का चांद छुपा बादल में और तमाशा का अगर तुम साथ हो।

### दो साल पहले बताई थी कान की बीमारी

2024 में, अल्का ने इंस्टाग्राम पर यह जानकारी शेयर की कि एक 'अचानक वायरल संक्रमण' के कारण उन्हें 'एक दुर्लभ कान की बीमारी' का पता चला है। उन्होंने लिखा, 'मेरे सभी फैंस, दोस्तों, फॉलोअर्स और शुभचिंतकों को। कुछ हफ्ते पहले, जब मैं एक फ्लाइट से बाहर निकली, तो अचानक मुझे लगा कि मैं कुछ भी नहीं सुन पा रही हूं। इस घटना के बाद के हफ्तों में मैंने हिम्मत जुटाई और अब मैं अपने उन सभी दोस्तों और शुभचिंतकों के लिए अपनी चुप्पी तोड़ना चाहती हूं जो मुझसे पूछ रहे थे कि मैं क्यों गायब हूं। मेरे डॉक्टरों ने इसे एक दुर्लभ सेंसोरिन्यूरल नर्व हियरिंग लॉस बताया है, जो एक वायरल संक्रमण के कारण हुआ है... इस अचानक और गंभीर समस्या ने मुझे पूरी तरह से चौंका दिया है।'

## खबर संक्षेप

### ट्राले की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत, केस दर्ज

**महेंद्रगढ़।** शहर के राव तुलाराम चौक पर कुरहावटा मोड के पास एक ट्राले की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक कुरहावटा रोड पर किराए के मकान में रहकर सब्जी बेचता था। पुलिस ने मृतक का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। इसके अलावा पुलिस ने मृतक के भाई के बयान पर आरोपित चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। मृतक मन बहादुर शादीशुदा था और उसके तीन बेटे हैं।

### मंडलाना में 57 वर्षीय महिला की मौत

**नारनौल।** उपमंडल के गांव मंडलाना में करीब 57 वर्षीय चमेली पत्नी हनुमान की अज्ञात कारणों से मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों के बयान पर आवश्यक कार्रवाई करने उपरांत शव नागरिक अस्पताल नारनौल से पोस्टमार्टम कराकर वापस परिजनों को सौंप दिया। गमगीन माहौल में परिजनों ने गांव के श्मशान ले जाकर उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

### दूलोठ जाट में 53 वर्षीय व्यक्ति की जान गई

**नारनौल।** दूलोठ जाट में करीब 53 वर्षीय राजकुमार नामक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पीएसआई रामलखन मुताबिक राजकुमार नशेड़ी किस्म का व्यक्ति था। बीती रात को करीब तीन बजे उसकी अचानक तबीयत खराब हो गई। परिजन उसे उपचार के लिए अटेली के एक अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने उपरांत परिजनों को सौंप दिया।

### सिहमा में मुर्गी फार्म कर्मी ने फंदा लगाया

**मंडी अटेली।** खंड सिहमा के सिहमा खत्रीपुर रोड स्थित एक मुर्गी फार्म पर काम करने वाले व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के कुवंरा निवासी करीब 55 वर्षीय अमर सिंह पुत्र ईश्वरी प्रसाद के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अमर सिंह पिछले कुछ समय से मुर्गी फार्म पर काम कर रहा था। बताया जा रहा है कि उसने फार्म के अंदर ही फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

### 51 जोड़ी रेलसेवाओं में विभिन्न श्रेणी के 130 डिब्बों में की जा रही अस्थायी बढ़ोतरी

# गर्मियों की छुट्टियों में यात्रियों को सुविधा, आज से 38 जोड़ी ट्रेनों में बढ़ाए विभिन्न श्रेणी के 93 डिब्बे

**लालगढ़-दिल्ली रेल सेवा में एक से 30 अप्रैल तक द्वितीय श्रेणी के डिब्बों में अस्थायी बढ़ोतरी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


रेवाड़ी। रेवाड़ी रेलमार्ग से गुजरते हुए एक्सप्रेस ट्रेन। फोटो : हरिभूमि

रेलवे की ओर से गर्मियों की छुट्टियों में अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए 51 जोड़ी रेलसेवाओं में विभिन्न श्रेणी के 130 डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि रेलसेवाओं में डिब्बों की बढ़ोतरी एक अप्रैल से की जा रही है, जोकि मई के पहले सप्ताह तक जारी रहेगी।

गाड़ी संख्या 22471/22472 लालगढ-दिल्ली सराय-लालगढ रेलसेवा में लालगढ से एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक तथा दिल्ली सराय से 3 अप्रैल से 2 मई तक 2 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बो की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। गाड़ी संख्या 20473/20474 दिल्ली सराय-उदयपुर सिटी-दिल्ली सराय रेलसेवा में दिल्ली सराय से एक से 30 अप्रैल तक तथा उदयपुर सिटी से 2 अप्रैल से एक मई तक 2 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बों, गाड़ी संख्या 19611/19614 अजमेर-अमृतसर-अजमेर रेलसेवा में अजमेर से एक से 13 अप्रैल तथा अमृतसर से 2 से 14 अप्रैल तक 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 19613/19612 अजमेर-अमृतसर-अजमेर रेलसेवा में अजमेर से एक अप्रैल से 13 अप्रैल तथा अमृतसर से 2 अप्रैल से 14 अप्रैल तक 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 09621/09622 अजमेर-बान्द्रा टर्मिनस-अजमेर स्पेशल रेलसेवा में अजमेर से 5 अप्रैल से 12 अप्रैल एवं बान्द्रा टर्मिनस से 6 अप्रैल से 13 अप्रैल तक 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 12065/12066 अजमेर-दिल्ली सराय रोहिल्ला-अजमेर जन शताब्दी रेलसेवा में 1 अप्रैल से 29 अप्रैल तक 1 वातानुकुलित कुर्सीयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 14854/14853 जोधपुर-वाराणसी सिटी-जोधपुर रेलसेवा में जोधपुर से एक अप्रैल से 30 अप्रैल तथा वाराणसी सिटी से 2 अप्रैल से एक मई तक 1 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 14864/14863 जोधपुर-वाराणसी सिटी-जोधपुर रेलसेवा में जोधपुर से एक से 30 अप्रैल तथा वाराणसी सिटी से 2 अप्रैल से एक मई तक 1 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 14866/14865 जोधपुर-वाराणसी सिटी-जोधपुर रेलसेवा में जोधपुर से एक से 30 अप्रैल तथा वाराणसी सिटी से 2 अप्रैल से एक मई तक 1 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 04827/04828 भगत की कोठी जोधपुर-बान्द्रा टर्मिनस-भगत की कोठी जोधपुर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा में भगत की कोठी से 4 अप्रैल से 25 अप्रैल एवं बान्द्रा टर्मिनस से 5 अप्रैल से 26 अप्रैल तक 1 थर्ड एसी व 2 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाडी संख्या 20485/20486 जोधपुर-साबरमती-जोधपुर रेलसेवा में जोधपुर से एक से 30 अप्रैल एवं साबरमती से 3 अप्रैल से 2 मई तक 1 थर्ड एसी व 2 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 20492/20491 साबरमती-जैसलमेर-साबरमती रेलसेवा में साबरमती से एक से 30 अप्रैल एवं जैसलमेर से 2 अप्रैल से एक मई तक 1 थर्ड एसी व 2 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 12988/12987 अजमेर-सियालदाह-अजमेर रेलसेवा में अजमेर से एक से 30 अप्रैल सियालदाह से 2 अप्रैल से एक मई तक 1 फर्स्ट मय सैकेंड एसी श्रेणी डिब्बे तथा गाडी संख्या 09653/09654 अजमेर-बान्द्रा टर्मिनस-अजमेर स्पेशल में अजमेर से 4 अप्रैल से 25 अप्रैल तक एवं बान्द्रा टर्मिनस से 5 अप्रैल से 26 अप्रैल तक 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है।

### जयपुर-दिल्ली सराय में डिब्बे की बढ़ोतरी

गाड़ी संख्या 14735/14736 श्रीगंगानगर-अंबाला-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस रेलसेवा में एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक 4 साधारण श्रेणी डिब्बों, गाड़ी संख्या 54754/54753 श्रीगंगानगर-बठिण्डा-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस रेलसेवा में एक से 30 अप्रैल तक 4 साधारण श्रेणी डिब्बों, गाड़ी संख्या 54756/54755 श्रीगंगानगर-बठिण्डा-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस रेलसेवा में एक से 30 अप्रैल तक 4 साधारण श्रेणी डिब्बों, गाड़ी संख्या 54766/54765 बठिण्डा-धुरी-बठिण्डा एक्सप्रेस रेलसेवा में एक से 30 अप्रैल तक 4 साधारण श्रेणी डिब्बों, गाड़ी संख्या 04711/04712 बीकानेर-बान्द्रा टर्मिनस-बीकानेर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा में बीकानेर से एक से 29 अप्रैल एवं बान्द्रा टर्मिनस से 2 से 30 अप्रैल तक 1 थर्ड एसी व 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 04715/04716 बीकानेर-साईनगर शिर्डी-बीकानेर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा में बीकानेर से 4 से 25 अप्रैल एवं साईनगर शिर्डी से 5 से 26 अप्रैल तक 1 थर्ड एसी व 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 22497/22498 श्रीगंगानगर-तिरूच्चिराप्पल्लि-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस रेलसेवा श्रीगंगानगर से 6 से 27 अप्रैल एवं तिरूच्चिराप्पल्लि से 10 अप्रैल से एक मई तक 1 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 20481/20482 भगत की कोठी-तिरूच्चिराप्पल्लि- भगत की कोठी एक्सप्रेस रेलसेवा भगत की कोठी से एक से 29 अप्रैल एवं तिरूच्चिराप्पल्लि से 4 अप्रैल से 2 मई तक 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 12985/12986 जयपुर-दिल्ली सराय-जयपुर डबल डेकर रेलसेवा एक से 30 अप्रैल तक 1 एक्जिक्यूटिव वातानुकूलित कुर्सीयान श्रेणी डिब्बे तथा गाड़ी संख्या 12482/12481, श्रीगंगानगर-दिल्ली-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस रेलसेवा में श्रीगंगानगर से एक से 30 अप्रैल एवं दिल्ली से 2 अप्रैल से एक मई तक 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे की बढ़ोतरी की जा रही है।

### इनमें बढ़ाए साधारण श्रेणी के 5 डिब्बे

गाड़ी संख्या 19617/19618 मदार-रेवाड़ी-मदार रेलसेवा में एक अप्रैल से 30 अप्रैल 5 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बों, गाड़ी संख्या 19620/19619 रेवाड़ी-फुलेरा-रेवाड़ी रेलसेवा में एक से 30 अप्रैल तक 5 साधारण श्रेणी डिब्बों, गाड़ी संख्या 59632/59631 रेवाड़ी-हिसार-रेवाड़ी रेलसेवा एक से 30 अप्रैल तक 5 साधारण श्रेणी डिब्बों, गाडी संख्या 19622/19621, रेवाड़ी-फुलेरा-रेवाड़ी रेलसेवा में एक से 30 अप्रैल तक 5 साधारण श्रेणी डिब्बों, गाड़ी संख्या 59630/59629 फुलेरा-जयपुर-फुलेरा रेलसेवा में एक से 30 अप्रैल तक 5 साधारण श्रेणी डिब्बों, गाड़ी संख्या 09635/09636 जयपुर-रेवाड़ी-जयपुर रेलसेवा में एक से 30 अप्रैल तक 5 साधारण श्रेणी डिब्बों, गाड़ी संख्या 14705/14706 भिवानी-ढेहर का बालाजी-भिवानी रेलसेवा में 2 अप्रैल से एक मई तक 3 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बों तथा गाड़ी संख्या 14725/14726 भिवानी-मथुरा-भिवानी रेलसेवा में भिवानी से 3 अप्रैल से 2 मई तक एवं मथुरा से 4 अप्रैल से 3 मई तक 3 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की गई है। गाड़ी संख्या 14715/14716 हिसार-जयपुर-हिसार रेलसेवा में हिसार से एक से 30 अप्रैल एवं जयपुर से 4 अप्रैल से 3 मई तक 2 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बों, गाड़ी संख्या 14734/14733 जयपुर-बठिंडा-जयपुर रेलसेवा में 2 अप्रैल से एक मई तक 2 साधारण श्रेणी डिब्बों, गाड़ी संख्या 54704/54703 जयपुर-बठिंडा-जयपुर रेलसेवा में जयपुर से 3 अप्रैल से 2 मई तक एवं बठिंडा से 4 अप्रैल से 3 मई तक 2 साधारण श्रेणी डिब्बों, गाड़ी संख्या 12495/12496 बीकानेर-कोलकाता-बीकानेर रेलसेवा में बीकानेर से 2 अप्रैल से 30 अप्रैल एवं कोलकाता से 3 अप्रैल से एक मई तक 1 थर्ड एसी व 1 शयनयान श्रेणी डिब्बों तथा गाड़ी संख्या 22473/22474 बीकानेर-बांद्रा टर्मिनस-बीकानेर रेलसेवा में बीकानेर से 6 अप्रैल से 27 अप्रैल एवं बांद्रा टर्मिनस से 7 अप्रैल से 28 अप्रैल तक 1 थर्ड एसी व 1 शयनयान श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है।

# मार्केट कमेटी के सेवादार गूगन सिंह को सेवानिवृत्ति पर दी भावभीनी विदाई

- मार्केट स्टाफ ने स्मृति चिन्ह व उपहार किए भेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


रेवाड़ी। सेवानिवृत्त हुए गूगन सिंह मार्केट कमेटी स्टाफ के साथ। फोटो : हरिभूमि

मार्केट कमेटी में 33 साल की सेवा देने के बाद सेवादार गूगन सिंह सेवानिवृत्त हो गए। उनके सम्मान में कार्यालय में विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्टाफ के सदस्यों ने गूगन सिंह के कार्यकाल के कार्यो की सराहना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी व उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना भी की। इस मौके पर स्टाफ की ओर से गूगन सिंह को यादगार स्मृति चिंह व उपहार भेंट किए गए। कार्यक्रम में मार्केट कमेटी के चेयरमैन अनिल सैनी, वाइस चेयरमैन नवलकिशोर गुप्ता, डीएमईओ सत्यप्रकाश यादव, सचिव मनीष कुमार रोहिल्ला, व्यापार मंडल के प्रधान अशोक यादव, प्रधान राधेश्याम मित्तल, सहायक सचिव जितेन्द्र यादव, लेखाकार अनिल यादव, जीतू गुर्जर, अजय सिंह, सरला यादव, उर्मिला, सन्नी सिंह व संजय सहित स्टाफ के सभी सदस्य और गूगन सिंह के परिवार के लोग मौजूद थे।

# एलपीजी, पेट्रोल व डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्धः डीसी

- कालाबाजारी करने पर प्रशासन कर रहा सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


डीसी अभिषेक मीणा।

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि जिले में एलपीजी गैस सिलेंडर सहित पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य है और किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान करते हुए कहा कि उन्हें घबराने की आवश्यकता नहीं है। नागरिक अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। डीसी ने बताया कि जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से हेल्पलाइन नंबर 01274-225214 भी जारी किया गया है, जिस पर कोई भी गैस उपभोक्ता एलपीजी से संबंधित अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। इसके अलावा विभाग की टीमें भी निरंतर फील्ड में रहकर कालाबाजारी करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई कर ही है।

उन्होंने बताया कि जिला में पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर उपलब्ध है और दैनिक आधार पर उपभोक्ताओं को सप्लाई किए जा रहे हैं।

### आधिकारिक सूचनाओं पर करें विश्वास आमजन

*डीसी ने कहा कि आमजन पैनिक न हो और सरकार व जिला प्रशासन की ओर से जारी की जा रही अधिकारिक सूचनाओं पर ही विश्वास करें। एलपीजी गैस के लिए लोगों को गैस एजेंसियों के बाहर लाइन में लगकर परेशान होने की जरूरत नहीं है। ऑनलाइन माध्यम से भी आसानी से गैस सिलेंडर की बुकिंग की जा सकती है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन हर रोज स्टॉक व ट्रांजिट की रिपोर्ट ले रहा है। उन्होंने कहा कि अगर कोई गैस सिलेंडरों, पेट्रोल व डीजल का अनावश्यक भंडारण और कालाबाजारी करता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आमजन से भी आह्वान किया है कि यदि कोई व्यक्ति गैस सिलेंडरों, पेट्रोल व डीजल का अनावश्यक भंडारण और कालाबाजारी करता है तो उसकी सूचना तुरंत हेल्पलाइन नंबर या जिला प्रशासन को दें, ताकि ऐसा करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा सकें।*

# फसल खरीद पर सरकार का तुगलकी फरमानः राव नरेंद्र

- फसल बिक्री के नए नियम किसानों को परेशान करने की नायाब साजिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


राव नरेंद्र।

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने गेहूं व सरसों की सरकारी खरीद प्रक्रिया को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इसे तुगलकी फरमान करार दिया और कहा कि नए नियम किसानों को परेशान करने व न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल खरीद से बचने की नायाब साजिश हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की नई नियमावली अनुसार किसान को अपनी फसल अपनी ही ट्रैक्टर ट्रॉली में लानी होगी। ट्रॉली पर रजिस्ट्रेशन नंबर साफ लिखा होना चाहिए। मंडी गेट पर ट्रॉली व नंबर की फोटो ली जाएगी, जिसे सरकार के मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपलोड करना जरूरी होगा। उसके बाद ही गेट पास मिलेगा। फसल मंडी लाने का समय सुबह छह बजे से शाम आठ बजे तक सीमित। इसके बाद गेट पास नहीं मिलेगा। हर पंजीकृत किसान को खुद मंडी जाकर बायोमेट्रिक सत्यापन कराना होगा। उठान के लिए मार्केट कमेटी सचिव, खरीद एजेंसी अधिकारी व ट्रांसपोर्टर तीनों के अलग अलग हस्ताक्षर जरूरी, ऐसे नियम किस के लिए भारी परेशानी पैदा कर रहे हैं।

# गांव मूंदी स्थित एमपैक्स के प्रबंधक कमल सिंह हुए सेवानिवृत्त

- ग्रामीणों ने शाल भेटकर किया मान-सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मूंदी


रेवाड़ी। सेवानिवृत्त हुए कमल सिंह का सम्मान करते हुए। फोटो : हरिभूमि

क्षेत्र के गांव मूंदी स्थित बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति लिमिटेड के प्रबंधक कमल सिंह मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर दी रेवाड़ी केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के मैनेजर धर्मबीर यादव ने कमल सिंह के कार्य के प्रति समर्पण भाव की सराहना की।

कार्यक्रम में मंच संचालन विजय सरपंच ने किया। बैंक मैनेजर धर्मबीर यादव, महेश कुमार, जयबीर, भीमसिंह, विशंबर दयाल व अनिता देवी ने प्रबंधक कमलसिंह का शाल भेंटकर सम्मान किया। इस अवसर पर हुकमचंद शर्मा, ओमपाल चैयरमैन, राजकुमार चेयरमैन, राजीव पंच, विजय शर्मा, बिल्लू सरपंच, सुनील समिति मेंबर व विजेंद्र चौहान मौजूद थे।

# भाविप ने जैतपुर के हनुमान मंदिर में लगाया वाटर कूलर


रेवाड़ी। हनुमान मंदिर में वाटर कूलर का शुभारंभ करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

भारत विकास परिषद शाखा की ओर से हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में गांव जैतपुर स्थित हनुमान मंदिर में वाटर कूलर स्थापित किया। भाविप की ओर से 16वें वाटर कूलर की स्थापना की गई। भाविप शाखा के संरक्षक रमेश सचदेवा ने वाटर कूलर स्थापित करने में सहयोग दिया। हनुमान मंदिर के ज्योतिषाचार्य ने वैदिक रीति से पूजा कराकर वाटर कूलर का शुभारंभ कराया।

इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष दिनेश सैनी ने भाविप की ओर से किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। इस मौके पर सचिव रामकिशोर सैनी, हुक्मचन्द प्रजापत, कोषाध्यक्ष रामकिशोर सैनी व दयाराम आर्य सहित गांव के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पेश की

# श्री कृष्ण स्कूल में वार्षिक समारोह में मेधावी विद्यार्थी हुए सम्मानित


रेवाड़ी। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हंसाका स्थित श्री कृष्ण सीनियर सैकेंडरी स्कूल में मंगलवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें वार्षिक परीक्षा में राज्य स्तर पर तीसरा, चौथा, पांचवा व सातवां स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों के साथ राष्ट्रीय स्तर पर व जीके साइंस ओलंपियाड में प्रथम, द्वितीय व पंचम रैंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। स्कूल संचालक सुरेश कुमार ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पेश की। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी। इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक, बच्चों के अभिभावक व विद्यार्थी मौजूद थे।

### फर्जी एपीके फाइल व लिंक के जरिए बैंक खाते खाली करने के मामले बढ़े

# आठवें पे कमीशन स्कैम से सरकारी कर्मचारी रहें सावधानः एसपी

**सैलरी बढ़ोतरी चेक के नाम पर आमजन हो रहे शिकार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा।

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने आमजन को सचेत करते हुए आठवें पे कमीशन सैलरी कैलकुलेटर के नाम पर फैल रहे साइबर फ्रॉड को लेकर एडवाइजरी जारी की है। एसपी ने बताया कि बीते कुछ समय से 8वें वेतन आयोग को लेकर लोगों में उत्सुकता बनी हुई है, जिसका फायदा उठाकर साइबर अपराधी फर्जी लिंक, मैसेज व एपीके फाइल के माध्यम से ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। एसपी ने बताया कि ठग व्हाट्सएप, टेलीग्राम व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए सैलरी बढ़ोतरी चेक करने के नाम पर लिंक या एपीके फाइल भेजते हैं। जैसे ही कोई व्यक्ति इस फाइल को डाउनलोड व इंस्टॉल करता है, उसके मोबाइल में मालवेयर सक्रिय हो जाता है, जिससे ठग मोबाइल का एक्सेस लेकर बैंकिंग एप, ओटीपी, पासवर्ड व अन्य संवेदनशील जानकारी चुरा लेते हैं और खाते से पैसे निकाल लेते हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के साइबर अपराध में विशेष रूप से सरकारी कर्मचारी, पेंशनर्स, आर्मी, रेलवे कर्मी व केंद्रीय विभागों से जुड़े लोग निशाने पर रहते हैं। ठग लोगों की जिज्ञासा और लालच का फायदा उठाकर उन्हें जल्दी-जल्दी कार्रवाई करने के लिए मजबूर करते हैं।

### ठगी से बचने के लिए आमजन बरते सावधानियां

किसी भी अनजान लिंक या एपीके फाइल पर क्लिक व डाउनलोड न करें। व्हाट्सएप या अन्य सोशल मीडिया से प्राप्त फाइलों को बिना जांचे इंस्टॉल न करें। ओटीपी, सीवीवी नंबर, पासवर्ड, यूपीआई पिन जैसी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। किसी भी सरकारी अपडेट की जानकारी केवल आधिकारिक वेबसाइट से ही प्राप्त करें। अनजान नंबर से आए मैसेज-कॉल पर तुरंत भरोसा न करें। स्क्रीन शेयरिंग एप या रिमोट एक्सेस एप इंस्टॉल करने से बचें। हर अकाउंट के लिए अलग व मजबूत पासवर्ड रखें तथा 2-फैक्टर ऑथेंटिकेशन चालू रखें। पब्लिक वाई-फाई का उपयोग करते समय बैंकिंग लेनदेन न करें।

### इन संकेतों को पहचान कर हो जाए सतर्क

अनजान नंबर से आए मैसेज या कॉल, एपीके फाइल या संदिग्ध लिंक, गलत भाषा-स्पेलिंग वाले मैसेज, जल्दी क्लिक करने का दबाव, ओटीपी या बैंक डिटेल मांगना, बहुत आकर्षक ऑफर या डराने वाली भाषा से सकर्त रहे। एसपी ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति से गलती से ऐसी एपीके फाइल डाउनलोड हो जाती है, तो तुरंत इंटरनेट बंद करें, संदिग्ध एप हटाएं, बैंकिंग पासवर्ड बदलें । जरूरत पड़ने पर मोबाइल को रीसेट भी कराया जा सकता है। इनके अलावा मोबाइल सुरक्षा के लिए गूगल प्ले प्रोटेक्ट ऑन रखें, इंस्टॉल फ्रॉम अननोन सोर्सेज विकल्प बंद रखें, केवल जरूरी एप्स को ही परमिशन दें तथा मोबाइल को हमेशा अपडेट रखें।

**सूचना**

मैं, चंद्रवेश रैंक हवलदार आर्मी नंबर 17015662वाई, ग्राम जटवाड़ा, डाकघर ढाकला, तह. एवं जिला झज्जर हरियाणा, पिन-124109 बयान करता हूं कि मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड में मेरे बेटे का नाम गलती से रोनित नांदल दर्ज है। जबकि उसका सही व वास्तविक नाम रोनित है। रोनित और रोनित नांदल दोनों नाम मेरे पुत्र व एक ही व्यक्ति के हैं। भविष्य में सभी उद्देश्यों के लिए उसका नाम रोनित रहेगा।



## कई इलाकों में भारी ओलावृष्टि से फसल को नुकसान की संभावना

# बरसात के साथ कई इलाकों में गिरे ओले गेहूं की खड़ी फसल को भारी नुकसान

- बारिश और ओलावृष्टि के बाद गिरेगा पारा, सप्ताहंत तक राहत की उम्मीद नहीं

गेहूं भीगने और जमीन पर गिरने से इसकी क्वालिटी और उत्पादन दोनों में कमी आने की आशंका बनीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

फसल कटाई और कढ़ाई के समय मौसम किसानों की जमकर परीक्षा ले रहा है। बार-बार आ रहा मौसम का बदलाव किसानों को दोहरी मार झेलने के लिए मजबूर कर रहा है। हल्की बरसात के साथ कई इलाकों में ओलावृष्टि होने से किसानों को नुकसान उठाना पड़ा है। हालांकि ओलावृष्टि ज्यादा देर तक नहीं हुई, लेकिन गेहूं की खड़ी फसल भीगने और जमीन पर गिरने से खराब जरूर हुई है। इस सप्ताह के अंत तक मौसम पूरी तरह साफ होने की संभावना नहीं है।

मार्च के पहले पखवाड़े में सामान्य से अधिक तापमान में किसानों को जमकर परेशान किया था। दूसरे पखवाड़े में बार-बार मौसम में बदलाव ने धरतीपुत्र की नींद हराम करने का काम किया है। मंगलवार को सुबह से ही आसमान में आंशिक बादल छाए रहे। दोपहर तक एक बार आसमान साफ हो गया, लेकिन दोपहर बाद मौसम का रंग बदल गया। लगातार दूसरे दिन दोपहर बाद बारिश हुई। बारिश के साथ कई इलाकों में हल्की ओलावृष्टि भी हुई, जिसका समय चंद सैकंड का ही रहा। अगर ओलावृष्टि ज्यादा देर तक होती, तो इससे गेहूं की खड़ी फसल को भारी नुकसान हो सकता है। गेहूं भीगने और जमीन पर गिरने से इसकी क्वालिटी और उत्पादन दोनों में कमी आने की आशंका बन गई है। इससे पूर्व सोमवार को तेज आंधी के साथ हल्की बारिश हुई थी, जिसे कई किसानों की फसल जमीन पर गिर गई थी। बावल, डहीना और मनेठी एरिया में ओलावृष्टि हुई। फसल कटाई के चलते ओलावृष्टि से नुकसान का आकलन करना भी आसान नहीं है। मौसम में आ रहा बार-बार बदलाव किसानों के लिए भारी परेशानी का सबब बना हुआ। खराब मौसम में फसल कटाई और निकालने का कार्य भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। देर शाम तक रुक-रुककर बरसात का सिलसिला चलता रहा।












रेवाड़ी। मंगलवार को बारिश आने पर अनाजमंडी में ढकी सरसों व खुले में पड़ी फसल, बावल में बारिश के साथ पड़े ओले, गांव खालेटा में बारिश के साथ पड़े ओले, जाटूसाना क्षेत्र में पड़े ओले। फोटो : हरिभूमि

### संकट की घड़ी में प्रदेश सरकार किसानों के साथ



केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने मंगलवार को रेवाड़ी व महेंद्रगढ़ जिले में हुई ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा से गेहूं व अन्य फसलों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए गिरदावरी कराई जाएगी और प्रदेश सरकार से किसानों को मुआवजा दिलाया जाएगा। राव ने कहा कि इस संकट की घड़ी में प्रदेश सरकार किसानों के साथ खड़ी है।

### पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता आफत

एक के बाद एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से मौसम की आफत का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग का अनुमान है कि एक और विक्षोभ की सक्रियता 2 व 3 अप्रैल को भी मौसम में बदलाव लाने का काम कर सकती है। माह के पहले दिन भी बादलों के बीच बूंदाबांदी की संभावना जताई जा रही है। अगर इस समय ज्यादा बारिश या ओलावृष्टि होती है, तो इससे गेहूं की खड़ी फसल को भारी नुकसान हो सकता है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री पर स्थिर रहा।

### कई इलाकों में ओलावृष्टि से नुकसान

मंगलवार शाम को आई बारिश के साथ जिले के कई इलाकों में भारी ओलावृष्टि हुई। जिले खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को नुकसान होने की संभावना है। बावल व खोल क्षेत्र के गांवों में भारी ओलावृष्टि से खेतों में फसल बिछ गई। ओलावृष्टि से खड़ी फसल के दाने भी झड़ गए। भारी ओलावृष्टि से खड़ी गेहूं की फसल के दाने भी काले पड़ने भी संभावना जताई जा रही है। बरसात से अनाजमंडी में खुले में पड़ी सरसों की फसल भी भीग गई।

### ओलावृष्टि से गेहूं की फसल बिछ गई

रेवाड़ी। मंगलवार को आई बरसात के साथ हुई ओलावृष्टि से जाटूसाना व कोसली क्षेत्र के गांवों में भी गेहूं की फसल बिछ गई। ओलावृष्टि से गेहूं की फसल को काफी नुकसान होने की संभावना है। जाटूसाना क्षेत्र के गांव बेरली व जाटूसाना तथा कोसली क्षेत्र के गांव बिहारीपुर व रसूली में भारी ओलावृष्टि हुई।

# जिले को नशा मुक्त करने के प्रयास जारी

- नशा मुक्ति टीम ने ग्रामीणों को साइबर अपराध के खतरों से अवगत करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला पुलिस की नशा मुक्ति टीम की ओर से मंगलवार को गांव असदपुर, फदनी व मालाहेडा में जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों, साइबर अपराधों व यातायात के नियमों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर नशा मुक्ति टीम ने कहा किनशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। यह न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि युवाओं का भविष्य भी अंधकारमय कर देता है। ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि गांव या आसपास कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। नशा मुक्ति टीम ने ग्रामीणों को साइबर अपराध के खतरों से भी अवगत कराया। साइबर अपराधी फोन कॉल, सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से व्यक्तिगत जानकारी जैसे ओटीपी व पासवर्ड हासिल करने की कोशिश करते हैं। ऐसे में सभी को सतर्क रहना चाहिए और किसी भी अनजान व्यक्ति से अपनी निजी जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए।



रेवाड़ी। ग्रामीणों को जानकारी देते हुए पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

### यातायात की दी जानकारी

साइबर ठगी होने पर साइबर राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। ग्रामीणों को यातायात नियमों की भी जानकारी देकर वाहन चलाते समय नियमों का पालन करने की अपील की गई। पुलिस टीम ने ग्रामीणों से आग्रह किया कि यदि कोई भी असामाजिक तत्व, संदिग्ध व्यक्ति या वाहन दिखाई दे या आपातकालीन स्थिति हो तो तुरंत डायल 112 पर सूचना दें। इसके अलावा नशा गतिविधियों की सूचना मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 पर दी जा सकती है।

## पंचमुखी-दक्षिणमुखी हनुमान जन्मोत्सव पर 2 को होगा सुंदरकांड पाठ


रेवाड़ी। शहर सेक्टर-1 सोलहराही धाम स्थित श्री पंचमुखी-दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सुंदरकांड पाठ व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। पंडित मोनू शास्त्री व आचार्य आदित्य नारायण ने बताया कि मंदिर में सुबह 9:15 बजे से सुंदरकांड का आयोजन किया जाएगा। पाठ के समापन पर सुबह 11:15 बजे से भंडारे का आयोजन होगा। उन्होंने कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा श्रृद्धालुओं से पहुंचने का आग्रह किया है। वहीं नई बस्ती स्थित महावीर दल मंदिर में हनुमान जंयती के उपलक्ष्य में एक अप्रैल को ध्वजा शोभायात्रा निकाली जाएगी। 2 अप्रैल को मंदिर परिसर में सुबह हवन के बाद भंडारे का आयोजन होगा।

# इच्छापूर्ण चोले वाले मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर सुंदरकांड पाठ कल

- जन्मोत्सव पर सुबह व शाम को 21-21 किलोग्राम का केक भी काटा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सेक्टर-1 सोलहराही स्थित प्राचीन इच्छापूर्ण चोलेवाले हनुमान मंदिर में 2 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सुंदरकांड पाठ और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के पुजारी पंडित बिजेंद्र भारद्वाज मेहंदीपुर बालाजी धाम वाले ने बताया कि सुंदरकांड पाठ सुबह 8 बजे और 12:15 बजे भंडारे का आयोजन होगा। शाम को 5 बजे से सुंदरकांड पाठ और फिर भंडारा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बाबा के जन्मोत्सव पर सुबह व शाम को 21-21 किलोग्राम का केक भी काटा जाएगा। उन्होंने बताया कि भजन गायक गोपाल वर्मा और जीतू पागल सुंदरकांड पाठ में के दौरान मनमोहक भजनों से बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। सुंदरकांड पाठ में मुख्य यजमान के रूप में योगराज सोनी और किरण सोनी अजरका वाले शिरकत करेंगे।



रेवाड़ी। मंदिर में स्थापित चोलेवाले हनुमान जी की प्रतिमा। फोटो : हरिभूमि

# शिक्षा समाज की प्रगति का आधार: राव

- विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धारूहेड़ा

हरियाणा के जिला रेवाड़ी की सीमा से सटे राजस्थान के गांव टपूकड़ा स्थित यदुवंशी स्कूल में मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्यातिथि हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने विद्यालय का उद्घाटन और भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा का अनावरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक तिजारा एवं पूर्व सांसद अलवर महंत बालकनाथ ने की। इस अवसर पर विधायक ओमप्रकाश यादव नारनौल, लक्ष्मण सिंह यादव विधायक रेवाड़ी, बिमला चौधरी विधायक पटौदी, डा. अनिल यादव विधायक कोसली और बावल विधायक डा. कृष्ण कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। इस मौके पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की प्रगति की आधारशिला होती है। स्कूल की स्थापना इस क्षेत्र के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो उन्हें बेहतर शिक्षा और अवसर प्रदान करेगा। इस मौके पर वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव और ग्रुप निदेशक विजय सिंह यादव भी उपस्थित थे।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में आरती राव का सम्मान करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## एसआई को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

कोसली। कोसली स्टेशन क्षेत्र निवासी जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कार्यरत एसआई बुधराम स्वामी पुलिस विभाग में 27 वर्ष के सेवा काल के उपरांत सेवानिवृत्त हो गए। कोसली डीएसपी कार्यालय में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में स्टाफ ने उन्हें विदाई दी। इस अवसर पर एसएचओ मनोज यादव ने उनके कार्यकाल की सराहना की तथा एक निष्ठावान व अपनी ड्यूटी के प्रति समर्पित व्यक्ति बताया। उन्होंने उनकी दीर्घायु की कामना की। स्टाफ ने बुधराम स्वामी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर एएसआई राजेश कुमार, एएसआई नसीब, रीडर उपेंद्र कुमार, अतुल, पवन स्वामी, बदलू रामस्वामी, लीलू रामस्वामी, सुनील शर्मा, विजय सिंगला, सुरेश कुमार, रामकिशन, राजेंद्र प्रसाद झाड़ौदा व विष्णु सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# बीकानेर स्कूल में शत प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

- प्राचार्य ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देकर उज्जवल भविष्य की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीकानेर में नॉन बोर्ड कक्षाओं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। प्राचार्य मनोज कुमार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। प्राचार्य ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि विद्यालय की नॉन बोर्ड कक्षाओं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। जूनियर वर्ग कक्षा छठी में कामना प्रथम, विनीता द्वितीय तथा दमनदीप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा सातवीं में तनुष ने प्रथम, हिमांशु ने द्वितीय तथा अनुज तृतीय स्थान पर रहा। कक्षा आठवीं में पूर्ति प्रथम, किशन कुमार द्वितीय व इशिका तृतीय, सीनियर वर्ग कक्षा नौवीं में दीक्षा प्रथम, तनीषा द्वितीय व कुणाल तृतीय, कक्षा 11वीं में आरती ने प्रथम, अंशु ने द्वितीय तथा खुशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मंच संचालन अध्यापक मुकेश कुमार ने किया। प्राचार्य मनोज कुमार ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को एसएमसी सदस्यों तथा अभिभावकों के साथ मिलकर पुरस्कृत किया। इसके बाद अध्यापक-अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। प्राचार्य ने कहा कि एसएमसी तथा अभिभावकों के सहयोग से विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रदर्शन तथा आगामी सत्र की तैयारियों को लेकर चर्चा की तथा डोर टू डोर विशेष अभियान चलाकर अधिक से अधिक नामांकन करने की अपील की।



रेवाड़ी। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष दीपिका सोनी, शिक्षाविद दयाराम आर्य, सरपंच प्रतिनिधि रामजस, कैप्टन फकीर चंद, एसएमसी सदस्य पुष्पा देवी, सुदेश कुमारी व लाली देवी सहित समस्त विद्यालय स्टाफ, अभिभावक व विद्यार्थी उपस्थित थे।


## विभाग के संकाय सदस्यों ने मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त किया

# एक सफल प्रबंधक बनने के लिए शोध पद्धतियों की गहन समझ आवश्यक

इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय से प्रो. आशीष मंचंदा ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग की ओर से व्यावसायिक पेशेवरों के लिए उपयोग किए जाने वाले अनुसंधान उपकरण और तकनीकें विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय से प्रो. आशीष मंचंदा ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। उन्होंने आधुनिक व्यवसाय में शोध की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में डेटा एनालिटिक्स एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे उन्नत साधनों के माध्यम से कंपनियां अपनी व्यवसायिक रणनीतियां तैयार कर रही हैं, जिससे न केवल उनकी कार्यक्षमता में वृद्धि होती है, बल्कि निर्णय प्रक्रिया भी अधिक सटीक एवं प्रभावी बनती है। प्रो. मंचंदा ने कहा कि एक सफल प्रबंधक बनने के लिए शोध पद्धतियों की गहन समझ अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि किस प्रकार सही डेटा संग्रहण, विश्लेषण एवं व्याख्या के माध्यम से व्यवसायिक समस्याओं का प्रभावी समाधान निकाला जा सकता है। इस अवसर पर प्रो.समृद्धि तंवर, डा. भारती, डा. सुशांत, डा. देवेश अग्रवाल, सुरेंद्र कुमार तथा डा. कंवर सिंह सहित विभाग के अन्य संकाय सदस्य और विद्यार्थी उपस्थित थे।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए आईजीयू स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

### प्रो. आशीष मंचंदा का अभिनंदन किया

विभागाध्यक्ष प्रो. रितु बजाज ने प्रो. आशीष मंचंदा का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि कुलपति प्रो. असीम मिगलानी एवं कुलसचिव प्रो. दिलबाग सिंह के मार्गदर्शन में विभाग की ओर से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर विभिन्न शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि एमबीए जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रम में इस प्रकार के विशेषज्ञ व्याख्यान विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन एवं कौशल विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई और अपने प्रश्नों के माध्यम से विषय से संबंधित जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। विभाग के संकाय सदस्यों ने मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त किया।



रेवाड़ी। डा. सुशीला लाम्बा का सम्मान करते स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### डा. लांबा को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

धारूहेड़ा। राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा में हिंदी विभाग की प्राध्यापिका डा. सुशीला लाम्बा की सेवानिवृत्ति पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला उच्च शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्या डा. ज्योति यादव की अध्यक्षता में डा. लाम्बा का पगड़ी पहनाकर सम्मान किया गया। मीरपुर विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग अध्यक्ष डा. मुकेश यादव ने भी पगड़ी पहनाकर डा. लाम्बा को उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों ने डा. लाम्बा के कार्यकाल पर प्रकाश डालते हुए उनकी प्रशंसा की व उनके अनुशासन, समयनिष्ठा, परिश्रम, कार्य के प्रति समर्पण, एवं निष्ठा पूर्ण कार्यशैली की चर्चा की। इस अवसर पर सेवानिवृत्त डा. सुशीला लाम्बा के पति एसव. लाम्बा, सेवानिवृत्त कोषागार अधिकारी, विक्रम लाम्बा, डा. प्रीति लाम्बा, ध्रुव लाम्बा, कीर्ति लाम्बा, आदित्य रंजन न्यायाधीश उत्तर प्रदेश, दिव्य लाम्बा, डा. जगदीप, एडवोकेट रीना, सारा व अर्जुन उपस्थित थे।